कार्यालय पंजीयक, शिक्षा विभागीय परीक्षाएँ, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/प्राशि/पविप/प्राशिपूप/दिशा निर्देश/2022 दिनांकः– 05.01.2023

प्रारम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण–पत्र परीक्षा (कक्षा–8), 2023 एवं
प्राथमिक शिक्षा अधिगम स्तर मूल्यांकन (कक्षा–5), 2023
ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया

1. उपर्युक्त दोनो परीक्षाओं के ऑनलाइन आवेदन दिनांक 05.01.2023 से प्रारंभ किए जा रहे हैं।
2. राजकीय विद्यालय/राजकीय संस्कृत विद्यालय/मूक बधिर विद्यालय/अंध विद्यालय/निजी विद्यालय/मदरसों के संस्था प्रधान शाला दर्पण पोर्टल के माध्यम से अपने विद्यालय के कक्षा 5 एवं 8 के नियमित विद्यार्थियों के ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरवायेंगे।
3. **ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि दिनांक 16.01.2023 है। इस समय सीमा के पश्चात आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे।**
4. ऑनलाइन आवेदन प्रकिया में संस्था प्रधान यह सुनिश्चित करेंगे कि कक्षा 5 एवं 8 में अध्ययनरत समस्त विद्यार्थियों की वांछित सूचनाएं सम्बन्धित पोर्टल पर विद्यालय अभिलेख के अनुसार शत प्रतिशत सही हों। वे उक्त सूचनाओं की विशुद्धता सुनिश्चित करेंगे।
5. सम्बन्धित पार्टल पर ऑनलाइन 'आवेदन पत्र मॉड्यूल' में प्रत्येक परीक्षार्थी की समस्त सूचनाएं प्रदर्शित होंगी। विद्यार्थी का विवरण विद्यालय अभिलेख के अनुसार मिलान होने पर ही आवेदन को सबमिट/लॉक किया जाना है। किसी भी प्रकार के संशोधन की आवश्यकता होने पर सर्वप्रथम संस्था प्रधान शाला दर्पण/पीएसपी पोर्टल पर सम्बन्धित मॉड्यूल में वांछित संशोधन करेंगें तत्पश्चात पुनः आवेदन की ऑनलाइन प्रक्रिया संपादित करेंगे।
6. परीक्षार्थी का फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड करने से पूर्व सुनिश्चित कर लें कि दोनों का साइज 5 से 50 **K.B.** के मध्य हो तथा वे **JPG/JPEG** फॉर्मेट में ही हो।
7. परीक्षार्थी के फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड होने के बाद आवेदन को व्यू टैब के माध्यम से डाउनलोड किया जाकर इसकी पुनः जांच की जानी है।
8. ऑनलाइन आवेदन पत्र प्रक्रिया के चरणः–
   - सर्वप्रथम शाला दर्पण पोर्टल के **8th Board** टैब को क्लिक करें।
   - अब स्कूल लॉगिन के माध्यम से लॉगिन करें।
   - अब Exam Activity टैब पर उपलब्ध आवेदन पत्र लिंक पर क्लिक करें।
   - अब विद्यालय के कक्षा 5 एवं 8 के विद्यार्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र भरें।
   - कक्षा के सभी विद्यार्थियों के आवेदन एक–एक कर भरे जाने हैं।
   - सभी आवेदन भरने के पश्चात Exam Activity टैब के आवेदन स्थिति लिंक पर जावें।
   - यहां संबंधित कक्षा के सभी विद्यार्थियों के आवेदन की स्थिति जांचे।
   - सभी विद्यार्थियों के आवेदन होने के पश्चात ही फाइनल लॉक करें।
   - अब आप कक्षावार आवेदन की समेकित सूची डाउनलोड व प्रिण्ट कर सुरक्षित रखें।
   - साथ ही सभी आवेदन पत्रों (एप्लीकेशन नम्बर युक्त) को भी प्रिण्ट कर सुरक्षित रखें।
9. परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन किये जाने की अन्य जानकारी के लिए विभागीय वैबसाइट http://education.rajasthan.gov.in एवं शाला दर्पण/पीएसपी वैबपोर्टल का निरंतर अवलोकन करते रहें।
10. ऑनलाइन परीक्षा आवेदन किये जाने से सम्बन्धित किसी प्रकार की असुविधा/समस्या/दुविधा होने की स्थिति में अपने जिले की डाईट अथवा ब्लॉक के सीबीईओ कार्यालय से सम्पर्क करें।

(नीरू भारद्वाज)
पंजीयक
शिक्षा विभागीय परीक्षाऍं
राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक–शिविरा/प्राशि/पविप/प्राशिपूप/दिशानिर्देश/2022 दिनांकः– 05.01.2023

प्रतिलिपिः–

1. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान सरकार जयपुर।
2. निजी सचिव, निदेशक, प्रारम्भिक/ माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर।
3. निजी सचिव, निदेशक, आरएससीईआरटी, उदयपुर।
4. वरिष्ठ तकनीकी निदेशक, एन.आई.सी. जयपुर।
5. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी समस्त।
6. सिस्टम एनॉलिस्ट (एस.ए), निदेशालय, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर को उक्त निर्देश विभागीय वैबसाइट पर अपलोड कराने हेतु।
7. प्राचार्य डाईट समस्त को उपर्युक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित कराने तथा सतत् प्रबोधन हेतु।
8. जिला शिक्षा अधिकारी (मु.) मा.शि./प्रा.शि, समस्त को सतत पर्यवेक्षण हेतु।
9. मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी समस्त को कार्यवाही सुनिश्चित कराने हेतु।
10. संस्था प्रधान राजकीय/निजी/मदरसे/संस्कृत विद्यालय समस्त को समयबद्ध पालनार्थ।
11. रक्षित पत्रावली।

05/01/2023
जिला शिक्षा अधिकारी
शिक्षा विभागीय परीक्षाऍं
राजस्थान, बीकानेर

Rajasthan Education Department